**NEWS CLIPPING: 18.04.2020**

**PUNJAB KESARI**

# कोविड-19 के प्रभावों को कम करने के लिए शिक्षा और उद्योग जगत के विशेषज्ञों को आगे आना होगा : प्रो. दिनेश कुमार

## 'कोविड-19: चुनौतियां एवं अवसर' विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन सेमिनार

फरीदाबाद, 17 अप्रैल (पूजा शर्मा): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 'कोविड-19: चुनौतियां एवं अवसर' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया। टीईक्यूआईपी-3 द्वारा प्रायोजित इस सेमिनार का आयोजन राजकीय इंजीनियरिंग कालेज अम्बेडकर नगर के सहयोग से आयोजित किया गया था, जिसमें कुल 77 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

सेमिनार के उद्घाटन सत्र को कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने संबोधित किया और कोविड-19 से उत्पन्न विभिन्न समस्याओं पर ऑनलाइन चर्चा और समाधान की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने शिक्षा और उद्योग जगत से जुड़े लोगों से आग्रह किया कि कोविड-19 के कारण उत्पन्न स्थिति से निपटने तथा इसके प्रभावों को कम करने के लिए काम करें। कुलपति ने एक महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा करने के लिए आनलाइन सेमिनार आयोजित करने के लिए सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा की गई पहल की सराहना की।

इससे पहले, रजिस्ट्रार डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और कोविड-19 की अवधि के दौरान विद्यार्थियों के पास उपलब्ध विभिन्न डिजिटल अवसरों के प्रति जागरूकता लाने की आवश्यकता पर बल दिया। सेमिनार को संबोधित करते हुए एडोर वेल्डिंग लिमिटेड के सहायक महाप्रबंधक शेखर गुप्ता ने विद्यार्थियों को घर पर रहकर खुद को सुरक्षित रखने और परिवार के सदस्यों के साथ बेहतर समय बिताने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कोविड-19 के कारण उद्योग पर पड़ रहे वित्तीय प्रभावों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कार्य स्थल पर सैनिटाइजेशन तथा सोशन डिस्टेंसिंग को बनाये रखने के लिए कर्मचारियों के बैठने की योजना एवं व्यवस्था को बदलने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि समय बीतने के साथ अर्थव्यवस्था पटरी पर आ जाएगी।

## जान है तो जहान है

जेके सीमेंट्स लिमिटेड के जोनल मैनेजर आरके झा ने सरकार द्वारा 'जान है तो जहान है' के नारे के साथ लिए गए साहसिक निर्णय की सराहना की। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस के प्रभाव को कम करने के लिए विभिन्न स्तर पर प्रयास किये जा रहे है और इन प्रयासों के कारण भारत जल्द ही निर्यातकों का एक बड़ा केंद्र बनेगा। हालांकि, श्रमिकों के पलायन के कारण निर्माण गतिविधि को फिर से शुरू करने में थोड़ा समय लगेगा। सिविल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. एम. एल. अग्रवाल ने कोविड-19 से बचाव के लिए गैर-संपर्क प्रकार की स्वचालित परिवहन प्रणाली को नया स्वरूप देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को मौजूदा समस्याओं से निपटने के लिए को नए नवाचारों के अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। सेमिनार के अंत में डॉ. विशाल पुरी ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 18.04.2020**

**NAVBHARAT TIMES**

# महामारी से लड़ने की तैयारियों पर हुई चर्चा

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग की तरफ से एक ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय 'कोविड-19 : चुनौतियां व अवसर रखा गया। इसका आयोजन राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के सहयोग से किया गया, जिसमें कुल 77 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

सेमिनार में सबसे पहले कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने संबोधित किया। उन्होंने कोविड-19 से उत्पन्न विभिन्न समस्याओं पर ऑनलाइन चर्चा व समाधान की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने शिक्षा व उद्योग जगत से जुड़े लोगों से आग्रह किया कि कोविड-19 के कारण उत्पन्न स्थिति से निपटने व इसके प्रभावों को कम करने के लिए काम करें। यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और इस दौर में छात्रों के पास उपलब्ध विभिन्न डिजिटल अवसरों के प्रति जागरूकता लाने की आवश्यकता पर बल दिया। एडोर वेल्डिंग लिमिटेड के सहायक महाप्रबंधक शेखर गुप्ता ने छात्रों को घर पर रहकर खुद को सुरक्षित रखने व परिवार के सदस्यों के साथ बेहतर समय बिताने के लिए प्रेरित किया।

**NEWS CLIPPING: 18.04.2020**

**THE PIONEER**

# 'चुनौतियां एवं अवसर' विषय पर ऑनलाइन सेमिनार आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**वाईएमसीए** स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 'कोविड-19: चुनौतियां एवं अवसर' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया। टीईक्यूआईपी-3 द्वारा प्रायोजित इस सेमिनार का आयोजन राजकीय इंजीनियरिंग कालेज अम्बेडकर नगर के सहयोग से आयोजित किया गया था, जिसमें कुल 77 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

सेमिनार के उद्घाटन सत्र को कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने संबोधित किया और कोविड-19 से उत्पन्न विभिन्न समस्याओं पर ऑनलाइन चर्चा और समाधान की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने शिक्षा और उद्योग जगत से जुड़े लोगों से आग्रह किया कि कोविड-19 के कारण उत्पन्न स्थिति से निपटने तथा इसके प्रभावों को कम करने के लिए काम करें। कुलपति ने एक महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा करने के लिए आनलाइन सेमिनार आयोजित करने के लिए सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा की गई पहल की सराहना की। इससे पहले, रजिस्ट्रार डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और कोविड-19 की अवधि के दौरान विद्यार्थियों के पास उपलब्ध विभिन्न डिजिटल अवसरों के प्रति जागरूकता लाने की आवश्यकता पर बल दिया।